आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण विकसित भारत– जी राम जी विधेयक, 2025 को मंज़ूरी दे दी है।
- गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया।
- द्वीप समूह में कल राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया गया– मध्योत्तर अंडमान में टीकाकरण दर 100 प्रतिशत रहा ।
- तकनीकी खराबी के कारण जलयान एम.वी. मोहित की फिनिक्स बे जेट्टी से 'द्वीप दर्शन' की सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी गई हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण विकसित भारत– जी राम जी विधेयक, 2025 को मंज़ूरी दे दी है। संसद ने इसे शीतकालीन सत्र के दौरान पारित किया था। यह अधिनियम विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप एक ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करेगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिनों की मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी, इसमें परिवार के वयस्क सदस्य जो अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए इच्छुक हैं उन्हें मजदूरी दी जाएगी। इस योजना में केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच निधि बंटवारे का अनुपात अधिकांश राज्यों के लिए साठ और चालीस प्रतिशत होगा। इस योजना के अंतर्गत यदि किसी को समय पर काम नहीं दिया जाता है तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी है। यदि इसके अलावा मजदूरी में देरी होती है तो अतिरिक्त राशि भी दी जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के शीतकालीन सत्र में पारित सतत परमाणु ऊर्जा उपयोग और विकास, भारत रूपांतरण विधेयक, 2025 – शांति विधेयक को स्वीकृति दे दी है। राष्ट्रपति ने कल इस विधेयक को मंज़ूरी दी।

इस विधेयक में नागरिक परमाणु क्षेत्र से जुड़े सभी कानूनों को समाहित किया गया है। साथ ही इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी का भी प्रावधान किया गया है। विधेयक के तहत परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और नागरिक परमाणु क्षति दायित्व अधिनियम, 2010 को निरस्त कर दिया गया है, जिन्हें भारत में नागरिक परमाणु क्षेत्र के विकास में बाधक माना जा रहा था।

<><><><><><><>

गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल –बीएसएफ में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच को ऊपरी आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट मिलेगी, जबकि शेष पूर्व अग्निवीरों को तीन वर्ष की छूट मिलेगी। अधिसूचना में कहा गया है कि पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक मानक परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा से भी छूट दी जाएगी। अधिसूचना में कहा गया है कि प्रत्येक भर्ती वर्ष में पूर्व अग्निवीरों के लिए रिक्तियां आरक्षित रहेंगी। पूर्व सैनिकों के लिए 10 प्रतिशत और ट्रेड्समैन के लिए तीन प्रतिशत तक रिक्तियां आरक्षित रहेंगी।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो बुधवार को संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 का प्रक्षेपण करेगा। यह अमरीका की एएसटी स्पेसमोबाइल कंपनी का उपग्रह है, जो एलवीएम–3–एम–6 रॉकेट के जरिए पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाने वाला अब तक का सबसे बड़ा वाणिज्यिक उपग्रह होगा। यह ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 उपग्रहों की अगली पीढ़ी है, जिसे अंतरिक्ष से सीधे सामान्य मोबाइल स्मार्ट फोन को सेल्यूलर ब्राडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसरो द्वारा विकसित लांच व्हिकल मार्क–3 – एलवीएम–3 एक तीन चरणीय प्रक्षेपण यान है। इसका उपयोग पहले चन्द्रयान–2 और चन्द्रयान–3 मिशनों के साथ–साथ वनबेव के दो अभियानों में 72 उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए किया जा चुका है। एलवीएम–3 ने पिछले महीने एम–5 सीएमएस–03 मिशन को भी सफलतापूर्वक पूरा किया था।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में कल राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया गया। अभियान के दौरान 0–5 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए कुल 489 बूथ बनाए गए। इसके अलावा बस अड्डों, बंदरगाहों, वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और अंतर–द्वीपीय जलयानों पर भी विशेष व्यवस्था की गई थी।

इसके अंतर्गत दक्षिण अंडमान में 99.5, मध्योत्तर अंडमान में 100 और निकोबार जिले में 99.8 प्रतिशत बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। आज और कल छूटे हुए बच्चों को 'घर–घर जाकर' खुराक पिलाई जाएगी।

<><><><><><><>

जलयान एम.वी. मोहित में आई तकनीकी खराबी के कारण, फिनिक्स बे जेट्टी से प्रतिदिन सुबह 09:30 बजे होने वाली 'द्वीप दर्शन' की सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी गई हैं। विभाग ने कहा है कि जहाज के मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद सेवाएं फिर से बहाल की जाएंगी।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने पर्यटकों और द्वीपवासियों को नए साल का जश्न खुले समुद्र के बीच मनाने के लिए आमंत्रित किया है। इस विशेष यात्रा के माध्यम से भारत के एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी, बैरन द्वीप को नज़दीक से देखने का मौका मिलेगा। बारह सौ यात्री क्षमता वाला जहाज एम.वी. स्वराज द्वीप 31 दिसंबर रात 9 बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा और पहली जनवरी को दोपहर 2 बजे वापसी करेगा। इस यात्रा के लिए इच्छुक यात्री विभाग के आधिकारिक पोर्टल से टिकट बुक करा सकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा एक क्यू आर कोड भी जारी किया गया है।

<><><><><><><>

खंड विकास कार्यालय, सामुदायिक विकास खंड रंगत की ओर से 'सतत सामुदायिक विकास के लिए पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण युवाओं के बीच तालमेल को बढ़ावा देना' विषय पर एक ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर निंबूतला ग्राम पंचायत प्रधान सुजीत मिस्त्री ने पंचायती राज संस्थाओं की संरचना, शक्तियों और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जमीनी स्तर के शासन में ग्राम सभा की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। खंड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने समावेशी और सतत समुदायों को मजबूत करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण युवाओं के बीच सहयोग की भूमिका के बारे में बताया। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर मोहम्मद इरफान ने आदर्श ग्राम की अवधारणा साझा की और समुदाय के नेतृत्व वाले विकास के लिए युवाओं और पंचायतों के बीच प्रभावी समन्वय पर जोर दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को स्थानीय शासन के साथ जोड़ना है, ताकि वे अपने गांव के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने राष्ट्रपति द्वारा विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) : वीबी–जी राम जी विधेयक 2025 को स्वीकृति प्रदान करने के समाचार को अपनी बड़ी खबर बनाई है। इसके अलावा अखबार ने सांसद बिष्णु पद रे के द्वीपों के स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को सांसद ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के समक्ष उठाने के समाचार को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में जनवरी 2026 से सभी श्रेणियों में न्यूनतम मजदूरी दर में संशोधन करने के समाचार को अपने अखबार में प्रकाशित किया है। द इको ऑफ इंडिया ने राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के दौरान जंगलीघाट यू एच सी में कार्यक्रम आयोजित करने, जबकि इंफो इंडिया ने तिरंगा पार्क में सीआईटीयू के 10वें सम्मेलन के शुरू होने के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>